# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय आदेश

यह कि श्री राधेश्याम सोनी व्याख्याता अंग्रेजी राउमावि सेतरावा, जोधपुर जन्म तिथि 01.01.1965 को दिनांक 09.07.2016 से स्वैच्छा से अनवरत अनुपस्थित रहने के कारण प्रधानाचार्य राउमावि सेतरावा, जोधपुर के नोटिस दिनांक 10.11.2016, 14.12.2017, 10.01.2018, 13.04.2018, 07.07.2018, 23.08.2018, 18.09.2018, 07.11.2019 एवं 29.01.2020 द्वारा आर.एस.आर. नियम 86 के तहत कार्यवाही कर नोटिस जारी किया गया। जिसका श्री राधेश्याम सोनी द्वारा कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रकरण की गहनता पूर्वक जांच पश्चात पाया गया कि श्री राधेश्याम सोनी व्याख्याता अंग्रेजी राजकीय सेवा करने के इच्छुक नहीं है तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा एस.बी. सिविल याचिका संख्या 396/02 में पारित निर्णय दिनांक 06.02.2003 द्वारा भी लम्बे समय तक स्वैच्छा से अनुपस्थिती को अनुचित माना गया एवं इसे स्वैच्छा से सेवा का परित्याग माना है। माननीय न्यायालय द्वारा इस प्रकार के प्रकरणों में किसी भी प्रकार की जांच एवं नोटिस दिये जाने की औपचारिकताओं को पूरा करने की भी आवश्यकता नहीं बताई है।

अतः श्री राधेश्याम सोनी के दिनांक 09.07.2016 से निरन्तर स्वैच्छा से अनुपस्थिती के मद्यनजर वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 12.01.2017 के तहत लम्बे समय स्वैच्छिक अनुपस्थिति का प्रकरण होने के कारण आर.एस.आर. नियम 86(4) के अन्तर्गत सेवा त्याग मानते हुए (DEEMED TO HAVE RESIGNED) एतद् द्वारा श्री राधेश्याम सोनी व्याख्याता अंग्रेजी राउमावि सेतरावा, जोधपुर को राज्य सेवा से हटाया (REMOVAL FROM SERVICE) जाता है।

(सौरभ स्वामी)
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/मा/संस्था/सी–1/राधेश्याम सोनी/व्या. अंग्रेजी/2020 दिनांकः 23.06.2021

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. संयुक्त निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) जोधपुर
2. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय जोधपुर को भेजकर लेख है कि राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची से इनका नाम तत्काल विलोपित करवाने की कार्यवाही सम्पादित करावें।
3. प्रधानाचार्य राउमावि सेतरावा, जोधपुर
4. संबंधित कार्मिक श्री राधेश्याम सोनी व्याख्याता अंग्रेजी राउमावि सेतरावा, जोधपुर, वरिष्ठता क्रमांक व वर्ष 1083/2000–01
5. अनुभाग अधिकारी संस्थापन सी–2 (ओएसी)/वरिष्ठता अनुभाग/वि0जांच अनुभाग कार्यालय हाजा।
6. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
7. निजी/रक्षित पत्रावली

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Order

Scanned by CamScanner